आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 10.09.2024

मुख्य समाचारः—

1— लगातार बारिश से बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों के साथ ही दुर्ग, राजनांदगांव सहित अनेक जिलों में जनजीवन हुआ प्रभावित।

2— बस्तर जिले में इंद्रावती, तो वहीं दुर्ग में शिवनाथ नदी का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर पहुंचा—नदी किनारे के गांवों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

3— राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर रायपुर में महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन।

4— रायगढ़ में चक्रधर समारोह के तहत कल और परसों राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का होगा आयोजन।

बारिश—01

बीते दो—तीन दिनों से छत्तीसगढ़ के कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है। बीजापुर जिले में हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त—व्यस्त हो गया है। भोपालपटनम के मट्टीमरका गांव जाने वाले रास्ते में पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ है। वहीं, इंद्रावती नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे तिमेड, वोडागुडा, भटपल्ली, चंदनगिरी, लिंगापुर, गंगाराम, रामपुरम, बामनपुर, अर्जुनल्ली, अटुकपल्ली, कोंडामौसम, चंदूर और तारलागुडा समेत कई गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। कलेक्टर संबित मिश्रा ने लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है। जिला प्रशासन ने लोगों की सहायता के लिए बाढ़ नियंत्रण कक्ष का नंबर — सात पांच आठ सात दो नौ एक आठ चार आठ (7587291848) जारी किया है।

वहीं, दंतेवाड़ा जिले में भारी बारिश की वजह से डंकनी और शंखनी नदियां उफान पर हैं। दंतेवाडा—किरंदुल मार्ग पर दंतेश्वरी मंदिर के सामने बना पुराना पुल बाढ़ की वजह से डूब गया है। गंजेनार—मसेनर में टेमरु नाले में जलस्तर बढ़ जाने से सड़क पर आवाजाही बंद हो गई है। शहर की कई रिहायशी इलाकों में पानी भरने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मांझीपदर में कुछ घरों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, वार्ड नंबर—दस में एक मकान की दीवार ढह गई।

सुकमा जिले में भी बीते छत्तीस घंटो से हो रही बारिश की वजह से कोंटा और दोरनापाल में लोगों के घरों में पानी भर गया है। वहीं, बस्तर को हैदराबाद से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बंद है। इसके चलते कई लोग सुकमा जिले के अलग—अलग हिस्सों में फंसे हुए हैं। वहीं, बाढ़ प्रभावितों के लिए पुलिस और जिला प्रशासन ने भोजन तथा ठहरने की व्यवस्था की है। चिंतलनार और लखापाल के बीच पचास सड़क पानी में बह गई, जिससे कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है।

बारिश—02

कांकेर जिले में बीते दो दिनों से हो रही बारिश के कारण दुर्गुकोंदल—कोदापाखा मार्ग पर सिंहारी गांव के पास पुरानी पुलिया बह गई है, जिसके कारण इस मार्ग पर आवागमन बंद हो गया है। कोदापाखा क्षेत्र के लगभग पच्चीस गावों का संपर्क दुर्गुकोंदल से टूट गया है।

वहीं, बस्तर जिले में कई नदी—नाले उफान पर हैं। इंद्रावती नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। यहां पानी करीब डेढ़ फीट ऊपर से बह रहा है। वहीं, जगदलपुर से सुकमा का सड़क संपर्क भी टूट गया है। गीदम नाला उफान पर होने के कारण सुकमा मार्ग बंद है, जिसके कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गई है।

नारायणपुर जिले में आज कलेक्टर विपिन मांझी और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कुंडला, कोहकामेटा और सोनपुर सहित अनेक प्रभावित गांवों का दौरा किया। कोहकामेटा के पास कूकर नदी की पुलिया क्षतिग्रस्त हुई है, जिसकी मरम्मत जल्द से जल्द करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

दुर्ग जिले के शिवनाथ नदी में भी बाढ़ की स्थिति बन गई है। शिवनाथ नदी में करीब दो लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़े जाने के कारण महमरा एनीकट से तेरह फीट ऊपर पानी बह रहा है। जल संसाधन विभाग के मुताबिक बीती रात मोंगरा बैराज, खातूटोला बैराज, घुमरिया बैराज और सूखा नाला से पानी शिवनाथ नदी में छोड़ा गया है, जिसके कारण शिवनाथ नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। ऐहतियात के तौर पर नदी किनारे बसे बत्तीस गांवों को अलर्ट कर दिया गया है। एसडीआरएफ की टीम को किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैनात किया गया है। वहीं, ग्राम अछोटी में एक ईट भट्ठे में पानी भरने से फंसे सोलह लोगों को

एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि सेल्फी लेने के लिए वे नदी के तटों के पास जाने से बचें, क्योंकि यह खतरनाक साबित हो सकता है।

बारिश–03

राजनांदगांव जिले में भी बारिश के कारण नदी–नाले उफान पर हैं। बाघनदी क्षेत्र में भारी बारिश के कारण एक गांव जलमग्न हो गया है। पुलिस थाना भी आधा डूब गया है, जिसमें कई जवान फंस गए थे, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में भी जलभराव के कारण कई रास्ते बंद हो गए हैं। राजनांदगांव से अंबागढ़ चौकी के बीच कुमरदा में यातायात प्रभावित हुआ है।

इधर, धमतरी जिले में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है, जिसके चलते कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है। जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गंगरेल बांध में एक लाख पैंतीस हजार क्यूसेक पानी की आवक होने की वजह से बांध के नौ गेट खोल दिए गए हैं। जहां से पचास हजार क्यूसेक पानी महानदी में छोड़ा जा रहा है। वहीं, सोंढूर बांध के पांच, मुरूमसिल्ली बांध के बत्तीस और रुद्री बैराज के बत्तीस गेट से भी महानदी में पानी छोड़ा जा रहा है।

खैरागढ़ मे कल शाम से हो रही बारिश के कारण आमनेर नदी का जल स्तर बढ़ गया है। इससे इतवारी बाजार और धरमपुरा अंबेडकर वार्ड में जलभराव हो गया है। जलभराव के चलते खैरागढ़ का राजनांदगांव, दुर्ग और रायपुर से सड़क संपर्क टूट गया है।

मोहला–मानपुर जिले के मरारटोला गांव स्थित नदी में आई बाढ़ में चार लोग फंस गए थे, जिन्हे बड़ी मशक्कत के बाद लोगों की मदद से पुलिस प्रशासन ने रेस्क्यू किया।

बालोद जिले के चिराईगोड़ी गांव में लगातार बारिश के कारण एक कच्चा मकान ढह गया है, जिसमें दबकर दो मवेशियों की मौत हो गई है।

मुख्यमंत्री–जांच निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरगुजा जिले के सिलसिला गांव में संचालित एल्युमीनियम प्लांट में हुए हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। इसके बाद जिला कलेक्टर ने जांच दल गठित कर दिया है। जांच दल घटनास्थल का निरीक्षण कर दो दिन के भीतर कलेक्टर को प्रतिवेदन पेश करेगा।

गौरतलब है कि सिलसिला गांव के एक एल्युमिनियम प्लांट में बीते आठ सितंबर को हुए हादसे में चार लोगों की मौत हो गई थी।

दामिनी ऐप

बीते दिनों बलौदाबाजार और प्रदेश के विभिन्न जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से हुई मौतों के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। वहीं, इस तरह की घटनाओं की जानकारी के लिए केन्द्र सरकार द्वारा पहले ही दामिनी ऐप विकसित किया जा चुका है। इस मोबाईल ऐप से बीस से तीस किलोमीटर के दायरे में आकाशीय बिजली गिरने का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है। राज्य शासन ने सभी विभाग प्रमुखो और मैदानी अमलों को दामिनी ऐप डाउनलोड करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही लोगों से भी इस ऐप को डाउनलोड करने की अपील की है।

दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से किसी भी एंड्रॉइड मोबाईल पर आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके साथ ही मेघदूत ऐप में तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति और दिशा से संबंधित जानकारी है, जिससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

कोरबा–लैब ऑन व्हील्स

कोरबा जिले के सुदूर वनांचलों मे रहने वाले ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कल लैब ऑन व्हील्स कार्यक्रम का शुभांरभ किया। इस अवसर पर श्री देवांगन ने कहा कि लैब ऑन व्हील्स के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों की जांच की निःशुल्क सुविधा घर बैठे प्राप्त होगी। इस कार्यक्रम के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संग्रहित सैंपल को लैब ऑन व्हील्स राइडर्स द्वारा अपने विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया जाएगा। जहां सैंपल की जांच की जाएगी और रिपोर्ट तैयार होने के बाद राइडर्स द्वारा रिपोर्ट को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक वापस पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर श्री देवांगन ने कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बायो केमेस्ट्री लैब का शुभांरभ भी किया, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लाए गए सैंपलों की जांच की जाएगी।

महिला कांग्रेस–प्रदर्शन

राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस लगातार प्रदर्शन कर रही है। इसी कड़ी में आज महिला कांग्रेस ने मुख्यमंत्री निवास के घेराव का प्रयास किया। प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम के नेतृत्व में निकली महिला प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। महिला कांग्रेस के इस प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत और सांसद ज्योत्सना महंत भी शामिल हुई।

चक्रधर समारोह–कुश्ती/कबड्डी

रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित उनतालीसवें चक्रधर समारोह में महिला और पुरूषों की अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता ग्यारह और बारह सितंबर को होगी। वहीं, तेरह से पंद्रह सितंबर तक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए हरियाणा, मेरठ, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र और दिल्ली के महिला तथा पुरूष पहलवानों को आमंत्रण भेजा गया था।

वहीं, तेरह से पंद्रह सितंबर तक आयोजित होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग से तेरह और महिला वर्ग से चौदह टीमें भाग लेंगी।

संक्षिप्त समाचार

– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से पद्म पुरस्कारों के लिए प्रेरक हस्तियों को नामांकित करने का आग्रह किया है। नामांकन अवार्डस डॉट जीओवी डॉट इन पर किये जा सकते हैं। नामांकन की अंतिम तिथि पंद्रह सितंबर है।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने आज रायपुर जिले के धरसींवा मंडल के करीब छह सौ भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अयोध्या, बनारस, चित्रकूट, प्रयागराज और मैहर तीर्थयात्रा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

– उपमुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव नौ दिवसीय अध्ययन दौरे पर अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। अपने अमेरिका प्रवास के दौरान श्री साव विभिन्न शहरों की सड़क परियोजनाओं का अवलोकन करने के साथ ही सड़क निर्माण तकनीकों की जानकारी लेंगे।

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के धरहर गांव में तीन भालुओं ने एक महिला पर हमला कर उसे घायल कर दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>